महत्वपूर्ण एवं खास

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय: प्रवेश परीक्षा तिथि में आंशिक संशोधन, 2 मार्च रविवार को होगी अब परीक्षा

रायगढ़। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 16 फरवरी 2025 को आयोजित होना था। चूंकि नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के चलते जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण उक्त तिथि में संशोधित करते हुए अब प्रवेश परीक्षा 2 मार्च 2025 दिन रविवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 2 घंटे आयोजित की जाएगी। प्रवेश नियमावली के संबंध में ऑनलाईन वेबसाईट www.eklavya.cg.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

सामान्य प्रेक्षक ग्रीष्मी चांद ने नाम निर्देशन कार्य का अवलोकन किया

सारंगढ़ बिलाईगढ़। सामान्य प्रेक्षक ग्रीष्मी चांद ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला पंचायत के सदस्यों का नाम निर्देशन कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान विभिन्न प्रत्याशियों ने फॉर्म जमा किया। इस अवसर पर एसडीएम प्रखर चंद्राकर, वर्षा बंसल और डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, लाइजनिंग और खनिज अधिकारी बजरंग पैकरा उपस्थित थे।

कलेक्टर एसपी ने बरमकेला के स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र काअवलोकन किया

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू और पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने बरमकेला में स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद स्कूल बरमकेला, सांस्कृतिक भवन में बेरिकेटिंग, वितरण, निर्वाचन कर्मियों की बैठक व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि व्यवस्था का अवलोकन किया और आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिले के आला अधिकारी उपस्थित थे।

लीजेंड-90 लीग क्रिकेट मैच 6 को, दिग्गज सितारे आएंगे रायपुर

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 6 फरवरी से लीजेंड 90 लीग शुरू होने जा रहा है. स्पर्धा के रंगारंग उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड के नामचीन कलाकार जलवा बिखेरेंगे. आयोजन के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड एक्टर तमन्ना भाटिया, हुमा कुरैशी, आयुष्मान खुराना, सोनू निगम, हार्डी संधू जैसे कई बड़े सितारे शामिल होंगे. लीग का पहला मुकाबला छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और दिल्ली रॉयल रॉयल्स के बीच खेला जाएगा, जिसमें पूर्व भारतीय दिग्गज सुरेश रैना और शिखर धवन एक दूसरे का सामना करते नजर आएंगे. शाम 7 बजे से शुरू होने वाले इस मुकाबले में क्रिकेट जगत के कई पूर्व अनुभवी सितारे प्रशंसकों को एक बार फिर से रोमांचित करते नजर आएंगे. आम जनता 100 रुपए में मैच देख सकेगी.

न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में माँ सरस्वती पूजा का आयोजन

बैकुण्ठपुर, 03 फरवरी (आरएनएस)। न्यू लाईफ हेल्थ एण्ड एजुकेषन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा का कार्यक्रम रखा गया। संस्था के सचिव वंदना जायसवाल के द्वारा माँ सरस्वती के मूर्ति पर द्वीप प्रज्जवलन कर माँ सरस्वती की आरती एवं पूजा-अर्चना की गई साथ ही उपस्थित समस्त स्टाफ एवं सभी छात्र-छात्राओं ने बारी-बारी से माँ सरस्वती की आरती एवं पूजा की।

मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित हुआ ईवीएम डेमो प्रदर्शन : ईवीएम से मतदान प्रक्रिया की दी गई जानकारी

रायगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के तहत आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए ईवीएम डेमो प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन समीर बड़ा उपस्थित रहे।

मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल एवं विकास रंजन सिन्हा ने ईवीएम डेमो प्रदर्शन में जानकारी देते हुए बताया कि सभी नगरीय निकायों में ईवीएम से मतदान होना है। इस बार के निर्वाचन में एम टू टाइप की मशीनें प्रयुक्त होंगी, जिसमें कंट्रोल यूनिट तथा बैलेट यूनिट का ही प्रयोग होगा। वहीं नगर निगम रायगढ़ के वार्ड क्रमांक 24, 25, 36, 40, 42 एवं 47 में पार्षद पद के अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण एक के स्थान पर दो बीयू का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने ईवीएम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के स्थानीय नगरीय निकायों के निर्वाचन में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिस इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन का उपयोग किया जा रहा है वह बहुपद, बहुस्थान वाली ईवीएम है जिसमें एक मतदाता द्वारा दोनों पदों के लिए दो बार बटन महापौर/अध्यक्ष तथा पार्षद पद के प्रत्याशियों के लिए मतदान किया जा सकता है। मास्टर ट्रेनर द्वय ने कंट्रोल यूनिट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कंट्रोल यूनिट के चार भाग हैं जिनमें डिस्प्ले सेक्शन, कैंडिडेट सेक्शन, रिजल्ट सेक्शन एवं बैलेट सेक्शन होते हैं। इसी तरह बैलेट यूनिट के संबंध में बताया गया कि बैलेट यूनिट में 16 बटन होते है। अंतिम (क्रमांक 16)बटन इंड बटन होता है। मतगणना के लिए मतगणना कक्ष में केवल कंट्रोल यूनिट ही लाई जाएगी।

मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम मतदान प्रक्रिया के संबंध में बताया कि मतदान अधिकारी क्रमांक 1 द्वारा मतदाता के सत्यता की पुष्टि के पश्चात मतदान अधिकारी क्रमांक-2 मतदाता रजिस्टर में सुसंगत प्रविष्टि और हस्ताक्षर लेगा। इसी प्रकार मतदान अधिकारी क्रमांक 3 सीयू पर बैलेट बटन दबाकर मत जारी करेगा। जिससे वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में सीयू पर लाल बल्ब और बीयू पर हरा बल्ब जलेगा। तत्पश्चात मतदाता मतदान कर सकता है। मतदाता को महापौर या अध्यक्ष पद के लिए सफेद मतपत्र लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा, इसकी पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। इसी तरह पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा। जिसकी पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आएगी, जिसका मतलब होगा कि मतदान पूरा हुआ। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने मतदान प्रक्रिया से संबंधित अपने संशय को भी दूर किए।

ईवीएम के उपयोग के संबंध में मीडिया कार्यशाला सम्पन्न

सारंगढ़ बिलाईगढ़

नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में शत प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग साहू के निर्देश पर ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के उपयोग के संबंध में कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उप जिला निर्वाचन अधिकारी एस के टंडन, ईडीएम गंगाधर विश्वकर्मा, विनोद बंजारे, जिला मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, पत्रकार यशवंत सिंह ठाकुर भरत अग्रवाल, ओंकार केशरवानी, देव कुमार जाटवर उपस्थित थे।

मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी ने जानकारी दी कि अभी भी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कई नागरिकों को ईवीएम के उपयोग की जानकारी नहीं है। इसलिए सभी नागरिकों को मतदान की प्रक्रिया की सही जानकारी देना आवश्यक है। ताकि वे आगामी चुनावों में वे बिना किसी संकोच के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा। मतदाताओं को दोनों पदों के लिए अलग-अलग बटन दबाने होंगे। पहले अध्यक्ष पद के लिए बटन दबाने पर हल्की बीप की आवाज आएगी और पार्षद पद के लिए बटन दबाने पर लंबी बीप सुनाई देगी, जो इस बात का संकेत होगा कि मतदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है।

फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर चिप्स ने मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड के विरुद्ध एफआईआर के निर्देश दिए

रायपुर। आरएनएस

बीएसएनएल द्वारा जारी की गयी निविदा में भाग लेने के लिए फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर मेसर्स दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड के विरूद्ध चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सिविल लाईन थाने में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार मेसर्स दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में जाँच करने पर यह संज्ञान में आया कि ऐसा अनुभव प्रमाण पत्र चिप्स द्वारा मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड को कभी जारी ही नहीं किया गया था।

चिप्स ने पत्राचार के माध्यम से मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड से यह जानने का हर संभव प्रयास किया कि यह अनुभव प्रमाण पत्र उन्हें (मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड) कैसे और किसकी मदद से प्राप्त हुई परन्तु मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड ने अब तक अपेक्षित जानकारी नहीं दी है।

उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए इस घटना की पूर्णत: निष्पक्ष और व्यापक जाँच हेतु सीईओ चिप्स ने 2 फरवरी 2025 मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड के विरुद्ध सिविल लाइन्स थाने में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु पत्र प्रेषित किया है।

गौरतलब है कि बीएसएनएल द्वारा जारी की गयी निविदा में भाग लेने हेतु मे. दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड ने चिप्स के भारतनेट फेज-2 परियोजना के अनुभव प्रमाण पत्र निविदा दस्तावेज़ में इस्तेमाल किया है।

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025

जिला पंचायत सदस्य के लिए 81 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र किया दाखिल

❐ 4 फरवरी को संवीक्षा तथा 6 फरवरी नाम वापस लेने की अंतिम तारीख

रायगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 हेतु लिए जा रहे नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत अंतिम तिथि आज 3 फरवरी तक की स्थिति में जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 81 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। जिनमें विकासखण्ड रायगढ़ से 15, पुसौर से 18, खरसिया से 12, घरघोड़ा से 2, तमनार से 9, लैलूंगा से 12 एवं धरमजयगढ़ से 13 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है।

उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में मतदान तीन चरण में संपन्न होंगे। तीनों चरणों के लिए 27 जनवरी 2025 से नाम निर्देशन पत्र की प्रक्रिया शुरू हुई थी। तीनों चरणों के लिए 3 फरवरी 2025 नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि थी। तीनों चरणों में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 4 फरवरी 2025 को की जाएगी। तीनों चरणों के लिए अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 6 फरवरी 2025 है, निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों की सूचना तैयार कर प्रकाशन करना व निर्वाचक प्रतीकों का आबंटन 6 फरवरी 2025 को ही किया जाएगा। प्रथम चरण के लिए मतदान एवं मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना 17 फरवरी 2025 और खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 18 फरवरी 2025 को की जाएगी। द्वितीय चरण के लिए मतदान एवं मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना 20 फरवरी 2025 और खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 21 फरवरी 2025 को की जाएगी। तृतीय चरण के लिए मतदान एवं मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना 23 फरवरी 2025 और खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 24 फरवरी 2025 को की जाएगी।

जिले में ईवीएम से आम जनता को दी जा रही मतदान की जानकारी

सारंगढ़ बिलाईगढ़

नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में शत प्रतिशत मतदान कराने जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में कलेक्टर कार्यालय, तहसील कार्यालय में डमी ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) रखी है, जहां नागरिक मतदान प्रक्रिया को समझ रहे हैं, जिससे नागरिकों में जागरूकता बढ़ रही है। डमी ईवीएम के माध्यम से किए जा रहे इस प्रदर्शन से आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

निर्वाचन शाखा के कर्मचारियों द्वारा लगातार जानकारी दी जा रही है, ताकि सभी नागरिकों को मतदान की प्रक्रिया की सही जानकारी हो सके और आगामी चुनावों में वे बिना किसी संकोच के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस डमी प्रदर्शन का प्रयोग करने के लिए चेंबर अध्यक्ष रतन शर्मा सहित सदस्य पहुंच कर अपने हाथों में बटन दबाकर प्रयोग किया और संतुष्ट जाहिर किया। युवाओ में है उत्साह इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा। मतदाताओं को दोनों पदों के लिए अलग-अलग बटन दबाने होंगे। पहले अध्यक्ष पद के लिए बटन दबाने पर हल्की बीप की आवाज आएगी और पार्षद पद के लिए बटन दबाने पर लंबी बीप सुनाई देगी, जो इस बात का संकेत होगा कि मतदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है। बरमकेला के गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित प्रदर्शन के दौरान बी डी मिश्रा मास्टर ट्रेनर, रतन शर्मा अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स, महावीर अग्रवाल, रमेश अग्रवाल सहित कई आम नागरिकों ने प्रयोग किया।

ग्राम झरियापाली में अवैध शराब की सूचना पर घरघोड़ा पुलिस की छापेमारी, 20 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़

घरघोड़ा पुलिस ने आज 3 फरवरी 2025 को पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम झरियापाली में मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी रामकिंकर को सूचना मिली थी कि गांव का सूरज उर्फ सुरेश सोनवानी भारी मात्रा में महुआ शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना के आधार पर प्रधान आरक्षक अरविंद पटनायक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सूरज उर्फ सुरेश सोनवानी (35 वर्ष) निवासी ग्राम झरियापाली, थाना घरघोड़ा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक प्लास्टिक जेरेकिन में भरे 20 लीटर महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3000 रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ थाना घरघोड़ा में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक अरविंद पटनायक और आरक्षक शेखर चंद्राकर, भानु प्रताप चंद्रा तथा दिनेश कुमार सिदार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

मुठभेड़ में मारा या मिलिट्री कंपनी सदस्य जतिन पर था 8 लाख का ईनाम

काकेर-रायपुर। आरएनएस

सीमावर्ती थाना कोयलीबेड़ा की पानीडोबीर जंगल क्षेत्रांतर्गत डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी प्रतिबंधित माओवादी संगठन अंतर्गत उत्तर बस्तर-माड़ डिवीजन के सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर माओवादी विरोधी अभियान के लिए निकली थी। अभियान के दौरान दिनांक 02.02.2025 के दोपहर 12:30 बजे लगभग से संयुक्त टीम एवं माओवादियों के मध्य कई बार मुठभेड़ हुआ। पुलिस अधीक्षक कांकेर इंदिरा कल्याण एलेसेला द्वारा बताया गया कि घटना स्थल सर्च करने पर 01वर्दीधारी पुरुष माओवादी का शव 01 नग एसएलआर रायफल व अन्य नक्सल सामग्री बरामद हुआ। मृत नक्सली कैडर की पहचान उत्तर बस्तर डिवीजन मिलिट्री कंपनी नम्बर 05 सदस्य जतिन मंडावी के रुप की गयी है।

मृत माओवादी पर 08 लाख का ईनाम घोषित है। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 34 दिनों में कुल 34 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये व माओवादियों के तमाम साजिश एवं कायराना हरकतों के बावजूद भी सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है व विगत 04-05 दशकों से बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं विश्वास का दुश्मन बना हुआ है नक्सल संगठन अपना अंतिम सांस ले रहा है। क्षेत्र की जनता के जानमाल की रक्षा करने के दायित्वों का पुलिस व सुरक्षा बलों के सदस्यों द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुये पूर्ण समर्पित भाव से कार्य निर्वहन किया जा रहा है। आस-पास क्षेत्र में गश्त सर्चिंग अभियान जारी है।

यूपी में सड़क हादसा, राज्य के 5 लोगों की मौत, पुलिस-प्रशासन ने रात में ही पीएम करा शव परिजनों को सौंपा

बलरामपुर-रायपुर। आरएनएस

बलरामपुर रामानुजगंज उत्तर प्रदेश के हाथीनाला थाना अंतर्गत हुए सडक़ दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के पांच लोगों की रविवार के देर शाम मृत्यु हो गई थी घटना के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रशासन का संवेदनशील चेहरा सामने आया तत्परता से पुलिस के द्वारा जहां मृतकों को बेहतर इलाज के के लिए तत्काल बनारस बीएचयू के ट्रामा सेंटर भेजा गया वहीं मृतकों का तत्काल दुद्धी के पोस्टमार्टम हाउस में मृत छह लोगों का पोस्टमार्टम रात 12 बजे तक कर दिया गया था एवं 12:30 बजे तक स्वजनों को शव सौंप दिया गया। घटना में मृत सनाउल्लाह खलीफा का शव आज सुबह 4 के करीब रामानुजगंज पहुंच गया था। घटना से पूरे नगर में शोक की लहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सडक़ दुर्घटना में प्रधान आरक्षक रवि मिश्रा, उनकी मां एवं छोटे पुत्र सहित नगर के वार्ड क्रमांक एक निवासी दुर्गा प्रजापति,कदम्बी चौक निवासी सनाउल्लाह खलीफा उम्र 38 वर्ष की मृत्यु हो गई थी। घटना की सूचना पर जिले के कलेक्टर एवं एसपी मौके पर पहुंचे थे वहीं रामानुजगंज से रागिब खान सहित अन्य लोग रात्रि 10:30 बजे के करीब दुद्धि पहुंच गए थे। रागिब खान ने बताया कि जिले के एसपी एवं कलेक्टर मौके पर उपस्थित थे उनके द्वारा सुबह तक का इंतजार नहीं किया गया संवेदनशीलता का परिचय देते हुए रात में ही शव का पोस्टमार्टम करा कागजी कार्रवाई को पूर्ण कर शव स्वजनों को सौंपने के निर्देश देने के बाद हम लोगों को शव 12:30 बजे करीब मिल गया था। हंसी-खुशी लोगों से मिलते जुलते रामानुजगंज से गए थे..... रवि मिश्रा लंबे समय तक रामानुजन थाने में पदस्थ थे यहां उनकी काफी लोगों से आत्मीय संबंध थे कुंभ जाने से पहले वह यहां पर कई लोगों से हंसी-खुशी से मिले एवं बातचीत की एवं चाय भी पिए थे। कोई विश्वास नहीं कर पा रहा था कि कुछ घंटे जो हम लोगों से बातचीत करके गए उनके साथ ऐसा हादसा हो गया। यूपी पुलिस के व्यवहार छत्तीसगढ़ के लोगों ने की प्रशंसा..... घटना पर के बाद मौके पर पहुंचे रामानुजगंज के रागिब खान सहित अन्य लोगों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस का व्यवहार बहुत ही संवेदनशील था।पुलिस छोटे से लेकर बड़े अधिकारी ने आत्मीयता के साथ हम लोगों की पूरी मदद की गई एवं कार्रवाई में चुस्ती दिखाई गई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480